समय -तीन घण्टे 15 मिनट **पूर्णांक-70**

<u>प्रतिदर्श प्रश्न पत्र</u>

<u>गृह विज्ञान</u>

नोट:- प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों के प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

सामान्य निर्देश:- (i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न पत्र के दो खण्ड हैं। खण्ड अ में बहुविकल्पीय प्रश्न हैं तथा खण्ड ब में अति लघु उत्तरीय, लघु उत्तरीय और दीर्घ उत्तरीय तीन प्रकार के हैं। उनके उत्तर हेतु निर्देश प्रत्येक प्रश्न के पहले दिए गए हैं।

खण्ड-अ

निर्देश:- प्रश्न संख्या 1 से 20 बहुविकल्पीय है। निम्नलिखित प्रश्नों में प्रत्येक के चार-चार वैकल्पित उत्तर दिए गए हैं। उनमें से सही विकल्प चुनकर उन्हें क्रमवार अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए:- 1X20

1- लू लगने पर देना चाहिए-

(क) आम का पन्ना (ख) फलों का रस (ग) सबिजियों का सूप (घ) बेल का शर्बत

2- रक्त के निर्माण के लिए आवश्यकता होती है-

(क) लौह तत्व (ख) ताँबा (ग) कोबाल्ट (घ) उपरोक्त सभी

3- विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है-

(क) 27 मई (ख) 5 जून (ग) 7 अप्रैल (घ) 15 जून

4- वस्त्र आवश्यकता है-

(क) आकस्मिक (ख) विलासिता (ग) अनिवार्य (घ) आरामदायक

5- ड्रा-शीट होती है-

(क) मोमजामा (ख) रबरशीट (ग) छोटी सफेद सूती चादर (घ) कम्बल का टुकड़ा

6- पुस्तक लेखन से प्राप्त होने वाले घन को कहते हैं

(क) वेतन (ख)पैंशन (ग) ग्रेच्युटी (घ) रायल्टी

7- डब्लू. एच. ओ. संगठन का संबंध है-

(क) देश के स्वास्थ्य से (ख) विश्व के स्वास्थ्य से (ग) ग्रामीणों के स्वास्थ्य से (घ) प्रदेश के स्वास्थ्य से।

8- परिचारिका को रोगी के साथ व्यवहार करना चाहिए-

(क) कठोरता पूर्वक (ख) जबरदस्ती (ग)सहानुभूति पूर्वक (घ) इनमें से कोई नहीं

9- गृह व्यवस्था के साधन हैं-

(क) भौतिक (ख)मानवीय (ग)सार्वजनिक (घ) तीनों

10- त्रिफला गुणकारी है-

(क)खाँसी (ख)कान दर्द (ग)सिर दर्द (घ) कब्ज

11- छपाई के बड़े पैटर्न शोभा देते हैं-

(क) मोटी महिला को (ख) नाटी महिला को (ग) लम्बी महिला को (घ) कोई नहीं

12- कार्य व्यवस्था को संतुलित करने के कारक हैं-

(क) पारिवारिक आय (ख) आपसी सहयोग (ग) कार्य विभाजन (घ) उपर्युक्त सभी

13- किसके काटने पर रोगी के पानी से डर लगता है-

(क) बन्दर (ख सांप (ग) कुत्ता (घ) बिच्छू

14- नायलॉन वस्त्र आरामदायक है-

(क)अधिक सर्दी में (ख) गर्मी में (ग) दोनों में (घ) बरसात में।

15- मनुष्य के लार में पायी जाती हैं-

(क) पेप्सिन (ख) लाइपेज (ग) टाइलिन (घ) कोई नहीं

16- रोगी के कमरे उचित व्यवस्था होनी चाहिए-

(क) सफाई (ख) प्रकाश (ग) संकल्प (घ) सभी की

17- ग्रीष्म ऋतु के लिए सबसे उपयोगी है-

(क) ऊनी वस्त्र (ख) रेशमी वस्त्र (ग) नायलॉन (घ) सूती वस्त्र

18- शुद्ध वायु में नाइट्रोजन की प्रतिशत मात्रा होती है-

(क) 78 (ख) 0.03 (ग) 21 (घ)0.96

19- प्राथमिक चिकित्सा बॉक्स में होनी चाहिए -

(क) रूई व पट्टियाँ (ख) कैची, चिमटी (ग) दवाईयाँ (घ) उपरोक्त सभी

20- दूध से दही जमाने में कौन-सा एन्जाइम कार्य करता है-

(क)रेनिन (ख) टाइलिन (ग) पेप्सिन (घ) उपरोक्त सभी

खण्ड ब

निर्देश- प्रश्न संख्या 21 से 26 अति लघुत्तरीय है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 25 शब्दों के अन्तर्गत लिखिए। 2X6

21- संक्रामक रोग किसे कहते हैं?

22- दो घरेलू औषधियों के नाम एवं उपयोग लिखिए।

23- पारिवारिक आय के प्रकार लिखिए।

24- पुरुषों के लिए कैसे कपड़ों का चुनाव करना चाहिए?

25- ऊर्जा प्राप्ति के लिए किस प्रकार का भोजन चाहिए?

26- रोगी के कपड़ों की सफाई कैसे करेंगे?

निर्देश: प्रश्न संख्या 27 से 31 तक लघु उत्तरीय है। इनके उत्तर अधिकतम 50 शब्दों के अन्तर्रगत लिखिए। 4X5

27- गृह परिचारिका के चार महत्वपूर्ण गुणों का वर्णन कीजिये।

अथवा

रोगी के विस्तर की क्या विशेषता होनी चाहिए?

28- व्यक्तिगत सज्जा क्यों आवश्यक है?

अथवा

कपड़े के चुनाव में रंगों का क्या महत्व है?

29- गृह कार्यों की योजना बनाने से क्या लाभ है?

अथवा

आवश्यकताएँ कितने प्रकार की होती हैं?

30- भारत में जन स्वास्थ्य की असफलता के क्या कारण हैं?

अथवा

वायु के महत्व को बताइए।

31- संतुलित आहार के कार्य लिखिए।

अथवा

स्कर्वी रोग के कार्ण लक्षण एवं निवारण के बारे में लिखिये।

निर्देश: प्रश्न संख्या 32 से 34स तक दीर्घ उत्तरीय है। प्रश्न संख्या 32 व33 के विकल्प दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्न के एक ही विकल्प का उत्तर लिखना है। प्रत्येक प्रश्न के उत्तर 100 शब्दों के अन्तर्गत लिखिए। 6X3

32- गृह अर्थव्यवस्था का अर्थ एवं परिभाषा बताते हुए आदर्श अर्थ व्यवस्था की विशेषता का उल्लेख कीजिए।

अथवा

“गृहिणी की कुशलता गृह व्यवस्था को प्रभावित करती है। इस कथन की पुष्टि कीजिए।“

33- वायु प्रदूषण उत्पन्न करने वाले कारकों के नाम उनके दुष्प्रभाव एवं दूर करने के साधनों दुष्प्रभाव एवं दूर करने के साधनों को समझाइए।

अथवा

संवातन किसे कहते हैं? संवातन के सिद्धान्तों का सविस्तार वर्णन कीजिए।

34- कुपोषण किसे कहते हैं? इससे होने वाली व्याधियों के लक्षणों सहित वर्णन कीजिये।